आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 25 .08.2026   समय : 02.10PM

यूपीआई-10 वर्ष

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस-यूपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में बदलाव लाते हुए 10 वर्ष पूरे कर लिये हैं। आज ही के दिन 2016 में इसकी शुरूआत की गई थी। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के सबसे सफल स्तंभों में से एक बनकर उभरा है। यूपीआई के लेन-देन की संख्या में लगभग 13 हजार गुना वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2016-17 में यूपीआई के माध्यम से केवल एक करोड़ 78 लाख लेन-देन हुए थे, जो 2025-26 में बढ़कर 24 हजार 162 करोड़ से अधिक हो गए। इसी अवधि में लेन-देन का मूल्य भी सात हजार करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 314 लाख करोड़ रुपये हो गया।

मुख्यमंत्री- संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित कृषि नवाचार संवाद में युवाओं, किसानों और कृषि स्टार्ट-अप से जुड़े लोगों से संवाद किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में नई तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने युवाओं द्वारा किए जा रहे नए कृषि प्रयोगों की जानकारी ली और उन्हें प्रोत्साहित किया।

मंत्रिपरिषद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में किसानों के हित में फार्मर आईडी बनाने का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। किसानों को अब व्हाट्सऐप के माध्यम से उर्वरक की बुकिंग की सुविधा भी मिल सकेगी। बैठक में कुल 10 हजार 630 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा सिवनी-बालाघाट स्टेट हाईवे को फोरलेन करने का फैसला लिया गया है

खेलो इंडिया

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल में प्रेस वार्ता में कहा कि खेलो इंडिया योजना से खेल प्रतिभाओं को नई दिशा मिलेगी। योजना के लिए 36 हजार 441 करोड़ रुपये का प्रावधान है। मध्यप्रदेश के 52 खेलो इंडिया सेंटर मजबूत किए जाएंगे और स्कूल स्तर से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कांवड़ यात्रा

सीहोर में आज 11 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा निकाली गई। सीवन नदी के तट से शुरू हुई इस यात्रा में प्रदेश सहित कई राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बारिश के बावजूद कांवड़िए हर-हर महादेव के जयकारों के साथ कुबेरेश्वर धाम पहुंचे। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भी कांवड़ में जल भरकर यात्रा में हिस्सा लिया। श्रद्धालु सीवन नदी के जल से कुबेरेश्वर महादेव का अभिषेक करेंगे। यात्रा को देखते हुए 1200 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में आज भी बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने टीकमगढ़, दमोह, नरसिंहपुर, बैतूल और राजगढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में ढाई इंच से ज्यादा बारिश हो सकती है। वहीं 20 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की संभावना है।

समाचार संक्षेप में:-

- शिवपुरी जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 में आत्मा योजना के तहत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- नीमच जिला पंचायत अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में चार दिवसीय जिला स्तरीय राखी मेले का शुभारंभ हुआ।
- नर्मदापुरम में समय-सीमा पत्रों की बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण मे खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों पर नाराजगी जताई ।
- जबलपुर में कल सड़क हादसे में 12 साल के बालक की गोहलपुर थाना क्षेत्र मे मृत्यु हो गई।
- झाबुआ में दुर्घटना मृत्यु के 17 प्रकरणों में 68 लाख रुपये, सामान्य मृत्यु में 3 करोड़ 76 लाख रुपये तथा आंशिक स्थायी अपंगता में 1 लाख रुपये की सहायता दी गई।

..............................